UPRN120001462017

न्यायालय सिविल जज(जू०डि०)भोगनीपुर/न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर देहात

मुकदमा सं०–289/2017

सरकार बनाम रिषी आदि।

**आरोप**

मैं कृपा शंकर सिविल जज(जू०डि०)भोगनीपुर/न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर देहात में आप अभियुक्तगण उमा शंकर व रिसी उर्फ प्रेमजीत को निम्न आरोप से आरोपित करता हूँ–

यह कि दिनांक 02/04/2016, समय शाम 5 बजे , घटना स्थल वादी का खेत अरहर थाना राजपुर, जिला कानपुर देहात में आप अभियुक्तगण ने वादी मुकदमा साथ मारपीट कर उपहति कारित की इस प्रकार आप अभियुक्तगण के द्वारा किया गया यह कृत्य धारा 323 भा०द०सं० के अधीन दण्डनीय अपराध है, जो इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

यह कि उपरोक्त दिनांक, समय, घटना स्थल, थाना, जिला कानपुर देहात में आप अभियुक्तगण ने वादी मुकदमा को लात घूसों व डण्डों से मारकर उपहति कारित की। इस प्रकार आप अभियुक्तगण के द्वारा किया गया यह कृत्य धारा 324 भा०द०सं० के अधीन दण्डनीय अपराध है, जो इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

यह कि उपरोक्त दिनांक, समय, घटना स्थल, थाना, जिला कानपुर देहात में आप अभियुक्तगण ने वादी मुकदमा को गाली गलौज कर अपमानित किया। इस प्रकार आप अभियुक्तगण के द्वारा किया गया यह कृत्य धारा 504 भा०द०सं० के अधीन दण्डनीय अपराध है, जो इस न्यायालय के प्रसंज्ञान में है।

एतद द्वारा आप अभियुक्तगण को आदेशित किया जाता है कि उक्त आरोप में आपका विचारण इस न्यायालय द्वारा किया जाये।

कृपा शंकर

दिनांक 02.06.2022 सिविल जज(जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट

भोगनीपुर, कानपुर देहात

ID NO.UP02625

उक्त आरोप को अभियुक्तगण को पढ़कर सुनाया एवम समझाया गया। अभियुक्तगण ने लगाये गये आरोप से इन्कार किया एवम परीक्षण की मांग की।

कृपा शंकर

दिनांक 02.06.2022 सिविल जज(जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट

भोगनीपुर, कानपुर देहात

ID NO.UP02625